G.C.M.S. no - 2021/393

Form No. III
फर्दअहकाम
(नियम 26)

अज अदालत न्यायालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट चित्तौड़गढ़ मुकाम चित्तौड़गढ

अब्दुल हबीब बनाम सरकार

किस्म मुकदमा विविध प्रार्थना पत्र नं0 255 सन् 2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्सजज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
06 OCT 2021	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी एवं सहायक लोक अभियोजक उपस्थित। प्रकरण में जब्तशुदा वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या **RJ 01 GB 4524** को सिपुर्दगी पर दिये जाने हेतु प्रार्थी अब्दुल हबीब पठान पिता अब्दुल हमीद पठान जाति मुसलमान निवासी 256, साजीदेहडा नगर निगम के पीछे दादाबाडी कोटा थाना किशोरपुरा वाहन स्वामी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर थानाधिकारी, पुलिस थाना, मंगलवाड से कमेन्ट्स मय केस डायरी के प्राप्त किए गए। इस पर थानाधिकारी पुलिस थाना, मंगलवाड द्वारा पत्रांक/एसपी-1 दिनांक 06.10.2021 से टिप्पणी मय केस डायरी के प्रेषित की गई जो कि पत्रावली के हम किता है। अधिवक्ता प्रार्थी ने वाहन के खाली होने से अनुसंधान में आवश्यकता नहीं होना बताया एवं जमानत एवं सिपुर्दगी पर न्यायालय द्वारा विहित शर्तो पर वाहन स्वामी को सुपुर्द करने बाबत निवेदन किया। सहायक लोक अभियोजक ने कथन किया कि जब्तशुदा वाहन को रिलिज करने पर पुनः अवैध	

(तारा चन्द मीणा)
कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
चित्तौड़गढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्सजज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	कारोबार में काम लेने की पूर्ण सम्भावना है। अतः जब्तशुदा वाहन प्रार्थी को सुपुर्द नही किया जावे। हमने पत्रावली का अवलोकन कर उभय पक्ष की बहस पर मनन किया। थानाधिकारी, पुलिस थाना, मंगलवाड से प्राप्त कमेन्ट्स में उन्होने जब्तशुदा वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या **RJ 01 GB 4524** के संबंध में अनुसंधान पूर्ण किया जाना अवगत कराया गया है। चूंकि वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या **RJ 01 GB 4524** की अनुसंधान में आवश्यकता नहीं है। अतः बीस लाख रूपये के जमानतनामा एवं सिपुर्दगीनामा प्रस्तुत करने पर विधिक स्वामी को सौंपे जाने के आदेश दिए जाते हैं। पुलिस थानाधिकारी पुलिस थाना मंगलवाड से प्राप्त केस डायरी लौटाई जावें। पत्रावली प्रार्थी द्वारा जमानतनामा एवं सिपुर्दगीनामा पेश होने पर पुनः पेश हो। (तारा चन्द मीणा) कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट चित्तौड़गढ़ 06 OCT 2021 सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	